'उदारशक्ति' युद्धाभ्यास

हाल ही में **भारतीय वायु सेना** का एक दल 'उदारशक्ति' नामक द्विपक्षीय युद्धाभ्यास में भाग लेने हेतु मलेशिया के लिये रवाना हुआ।

- इसके अतिरिक्त हरिमऊ शक्ति संयुक्त सैन्य अभ्यास दोनों देशों के बीच प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

//

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - भारतीय वायु सेना **एसयू-30 एमकेआई** और सी-17 विमानों के साथ युद्धाभ्यास में भाग ले रही है जबकि मलेशियाई वायु सेना एसयू 30 एमकेएम विमान उड़ाएगी।
  - इस चार दिवसीय युद्धाभ्यास में दोनों वायु सेनाओं के बीच विभिन्न हवाई युद्ध अभ्यास आयोजित किये जाएँगे।
- **पृष्ठभूमि:**
  - पहला द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास जिसमें फ्रंटलाइन सुखोई -30 लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया गया, वर्ष 2018 में आयोजित हुआ था।
  - वर्ष 2008 से 2010 तक मलेशियाई पायलटों को एसयू-30एसकेएम विमान पर प्रशिक्षण देने के लिये भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण दल को मलेशिया में तैनात किया गया था।

अभ्यास का महत्त्व :

- यह अभ्यास **लंबे समय से चली आ रही मित्रता को मज़बूत करेगा** और दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाएगा। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा भी मज़बूत होगी।
- IAF के पास इस अभ्यास के माध्यम से रॉयल मलेशियाई वायु सेना के **साथ सर्वोत्तम तरीकों को साझा करने और सीखने का अवसर होगा।** यह भी संभावना है कि वे आपसी युद्ध क्षमताओं पर चर्चा करेंगे।

स्रोत:पी.आई.बी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udarashakti-exercise